**शैक्षिक सत्र–2025–26**
**(15) ट्रेड–डेरी प्रौद्योगिकी**
**कक्षा–12**

**उद्देश्य–**

(1) डेरी उद्योग के औद्योगीकरण द्वारा देश की बढ़ती हुई बेरोजगारी दूर करना।
(2) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद का उत्पादन बढ़ाना, बिक्री बढ़ाना तथा प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि करना।
(3) निर्धनों के लिये सम्पूर्ण वर्ष में निरन्तर आय का एक मात्र साधन।
(4) डेरी उद्योग में दक्षता प्राप्त कर भविष्य में जीविकोपार्जन हेतु सक्षम बनाना।
(5) दूध से नाना प्रकार की उपयोगी वस्तुयें बनाकर आय में वृद्वि एवं स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना।
(6) श्रम के प्रति आस्था उत्पन्न करने, आत्म निर्भर बनने एवं एक कुशल नागरिक निर्माण में सहायक होना।
(7) उत्तम कोटि का दूध उत्पाद तैयार कर वृहत् व्यापार में सहयोग तथा लघु उद्योगों में भारत की गरिमा बढ़ाने में सक्षम होना।
(8) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद से सम्बन्धित रसायनों, यन्त्रों, उपकरणों आदि का समुचित ज्ञान प्राप्त कर अपने निजी जीवन को उपयोगी बनाने में सक्षम होना।
(9) पौष्टिक खाद्य पदार्थों का निर्माण, इसे शुद्ध, स्वादिष्ट एवं सुपाच्य बनाना।

**रोजगार के अवसर–**

(1) डेरी उद्योग इकाईयों, सहकारी दुग्ध समितियों में रोजगार मिलने की सम्भावना।
(2) डेरी उद्योग में स्वरोजगार या अपना निजी व्यवसाय चलाना।
(3) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद का व्यापार कर सकता है, इनके होलसेल या रिटेल सेल का कार्य कर सकता है।
(4) डेरी उद्योग की छोटी–छोटी इकाइयां खोलकर उत्पादन बढ़ाकर दुकान खोल सकता है।
(5) दुग्ध से दुग्ध निर्मित वस्तुएं बनाने का छोटा उद्योग चला सकता है।
(6) डेरी उद्योग से सम्बन्धित यंत्रों, उपकरणों का निर्माण एवं विक्रय उद्योग चला सकता है।
(7) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद से सम्बन्धित सहकारी समितियां बनाकर स्वयं को तथा अन्य को रोजगार उपलब्ध करा सकता है।

**पाठ्यक्रम–**

इस ट्रेड में तीन–तीन घन्टे के पाँच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

(क) सैद्धान्तिक–

| | पूर्णांक | | उत्तीर्णांक | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम प्रश्न–पत्र | 60 | 300 | 20 | 100 |
| द्वितीय प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| चतुर्थ प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |

(ख) प्रयोगात्मक–

| | | | |
|---|---|---|---|
| आन्तरिक परीक्षा | 200 | 400 | 200 |
| वाहय परीक्षा | 200 | | |

**टीप**–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

**प्रथम प्रश्न–पत्र**
**(डेरी सहकारिका, मानक एवं सूक्ष्म जैविकी)**

1–भारत में डेरी सहकारिता, सहकारी समितियों का गठन, सहकारी दुग्ध संघ, सहकारी दुग्ध फेडरेशन, डेरी विकास बोर्ड। 20

2–दुग्ध मानक–विभिन्न राज्यों के दूध एवं दुग्ध पदार्थो के मानक। 20

3—स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं रख—रखाव—दूध से फैलने वाली बीमारियों, दूध को छानना एवं ठंडा करना जीवाणुओं का सामान्य ज्ञान। दूध जीवाणुओं का वर्गीकरण। 20

## द्वितीय प्रश्न—पत्र
## (डेरी सज्जा एवं गुण नियन्त्रण)

1—डेरी सज्जा का निर्जीवीकरण। डेरी बर्तनों एवं उपकरणों के धोने का सिद्धान्त, धावन विलयन के गुण तथा विशेषतायें—क्षारशोधक एवं अम्लशोधक, डेरी सज्जा पर इनका प्रभाव। डेरी सज्जा हेतु उपयुक्त धातु एवं काष्ठ। 20

2—दुग्ध गुण नियंत्रण, दुग्ध चबूतरा परीक्षण एवं नैमी परीक्षण, दुग्ध परिरक्षी एवं उनके गुण, दुग्ध अपमिश्रण दुग्ध अपमिश्रण को ज्ञात करने की भौतिक, रसायनिक एवं जैविकी विधियां। 20

3—विभिन्न दुग्ध पेय एवं उनके बनाने की विधियां। 20

## तृतीय प्रश्न—पत्र
## (दुग्ध पदार्थ)

1—घी की परिभाषा, संगठन एवं बनाने की विधियां, देशी विधि, क्रीम से घी बनाना, मक्खन से घी बनाना, घी की खाद्य महत्ता, घी के निर्यातांक, घी में अपमिश्रण एवं उनकी पहचान, घी का संग्रह एवं संरक्षण। 30

2—निम्नलिखित दुग्ध पदार्थों की परिभाषा, संगठन एवं उनके बनाने की सामान्य विषयों एवं संग्रह की जानकारी।

दही, खोवा, छेना, पनीर। 30

## चतुर्थ प्रश्न—पत्र
## (प्रशीतन एवं शीतगृह प्रौद्योगिकी)

1—कृत्रिम प्रशीतन, मशीन के भागों की जानकारी, मशीन के कार्य को प्रभावित करने वाले कारक, प्रशीतन का प्रयोग।

सीधी विस्तार पद्धति, लवण जल पद्धति, लवण जल के गुण, लवण जल की देखभाल। 30

2—शीत गृहों एवं प्रशीतन केन्द्रों के निर्माण का सामान्य सिद्धान्त एवं विधि, शीत गृहों की सुरक्षा एवं सावधानी, प्रशीतन केन्द्रों में प्रयुक्त उपकरण। 30

## पंचम प्रश्न—पत्र
## (दुग्ध निर्मित अन्य पदार्थ)

1—चीज की परिभाषा—संगठन एवं खाद्य महत्ता, चीज का वर्गीकरण। 10

2—बनाने की विधि—पैंकिंग, परिपक्वन, संग्रह एवं मूल्यांकन। 10

3—निम्न लिखित मिठाइयों की बनाने की विधियां, संगठन पैंकिंग एवं संग्रह, पेड़ा, बरफी, गुलाबजामुन, रसगुल्ला, रसमलाई, संदेश, खुरचन, रबड़ी, बासुन्धरी, श्रीखण्ड, लस्सी, मट्ठा, मखनिया दूध एवं छाछ का संगठन एवं गोषिता, योगहर्ट की परिभाषा, संगठन एवं बनाने की विधि। 30

4—खीर, सुगन्धित दूध बनाने की सामान्य जानकारी। 10

## प्रयोगात्मक

**दुग्ध पदार्थ—अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी**

(1) क्रीम सेपरेटर के विविध भागों की जानकारी।

(2) क्रीम सेपरेटर से क्रीम निकालने की जानकारी।

(3) मक्खन, घी एवं आइस कैण्डी बनाने की जानकारी।

(4) दही, खोवा, छेना, पनीर, लस्सी, श्रीखण्ड बनाने की जानकारी।

(5) सुगंधित दूध एवं खीर तैयार करने की जानकारी।

(6) निम्नलिखित मिठाइयों के बनाने की जानकारी—

पेड़ा, बरफी, गुलाबजामुन, रबड़ी, खुरचन, मलाई, वासुन्धरी, सन्देश एवं रसगुल्ला।

(7) प्रशीतन व ब्वायलर के रख–रखाव एवं संचालन की जानकारी।

(8) डेरी, प्रयोगशाला, डेरी प्लान्ट एवं उसके उपकरणों की सप्लाई।

(9) डेरी से प्रयुक्त होने वाले विभिन्न रसायनों के तैयारी करने की जानकारी।

(10) डेरी के माप तौल एवं तुला संचालन की जानकारी।

## प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा

**(1) प्रयोगात्मक परीक्षा–**

[1] बाह्य परीक्षा–

परीक्षार्थियों को तीन प्रयोग दिये जायें–

प्रयोग संख्या 1 (दीर्घ प्रयोग)

प्रयोग संख्या 2 (लघु प्रयोग)

प्रयोग संख्या 3 (लघु प्रयोग)

(2) सतत् आन्तरिक मूल्यांकन–

(क) सत्रीय कार्य

(ख) कार्यस्थल पर प्रशिक्षण

नोट :–प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

**संस्तुत पुस्तकें :–**

| क्रमांक | पुस्तक का नाम | लेखक का नाम | प्रकाशक का नाम | मूल्य | संस्करण / पुनर्मुद्रण वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | सर्वश्री– | | रु0 | |
| 1 | डेरी प्रौद्योगिकी (सिद्धान्त एवं प्रयोग) | एस0 एस0 भाटी | बी0 के0 प्रकाशक, बड़ौत, मेरठ | 15.00 | 1989–90 |
| 2 | डेरी प्रौद्योगिकी | डा0 एस0 पी0 गुप्ता | रंजना प्रकाशन मन्दिर, आगरा | 18.00 | 1989–90 |
| 3 | डेरी प्रौद्योगिकी | आई0 जे0 जौहर | रेखा प्रकाशन, मेरठ | 16.00 | 1989–90 |
| 4 | डेरी प्रौद्योगिकी (सिद्धान्त एवं प्रयोग) | डा0 ए0 के0 गुप्ता एवं स्व0 सी0 गुप्ता | रोहित पब्लिकेशन, बड़ौत, मेरठ | 15.00 | 1989–90 |
| 5 | दुग्ध विपणन एवं दुग्ध पदार्थ | आई0 जे0 जौहर | सिंघल बुक डिपो, बड़ौत, मेरठ | 30.00 | 1989–90 |
| 6 | डेरी रसायन एवं पशुपोषण | डा0 विनय सिंह | भारतीय भण्डार, बड़ौत, मेरठ | 25.00 | 1989–90 |
| 7 | दुग्ध विज्ञान | भाटी एवं लवानिया | वी0 के0 प्रकाशन, बड़ौत, मेरठ | 35.00 | 1989–90 |
| 8 | पशुपोषण एवं डेरी रसायन | डा0 देव नारायण पाण्डे | जय प्रकाश नाथ एण्ड कं0 मेरठ | 25.00 | 1989 |
| 9 | डेरी रसायन विज्ञान | प्रकाशन निदेशालय पंत नगर, नैनीताल, डा0 शिवाश्रय सिंह | प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर, नैनीताल | 36.00 | 1987 |
| 10 | Dairying Feeds and Feeding of D. Volume III. Instructional-cum- | N.C.E.R.T., New Delhi | N.C.E.R.T., New Delhi | -- | 9-56 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Practical Mannual<br>Milk and Milk Products Instructional-cum-Practical Manual. | Ditto | Ditto | -- | 13-45 |